प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

पीएम–कारगिल विजय दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती अवसर पर कारगिल युद्ध स्मारक जायेंगे। वे कर्त्तव्य का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह दिवस प्रत्येक भारतीय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। त्र यह देश के रक्षको को श्रद्धा सुमन अर्पित करने का दिन है। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि शिंकुन ला सुरंग परियोजना का निर्माण कार्य आज से आरंभ होगा। प्रधानमंत्री वर्चुअल रूप से शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट करेंगे। यह परियोजना विशेषकर खराब मौसम के दौरान लेह से बेहतर संपर्क बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। लगभग पंद्रह हजार 800 फीट की ऊंचाई पर बनाई जाने वाली चार किलोमीटर से अधिक लंबी ये सुरंग लेह को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। निर्माण कार्य पूरा होने पर यह विश्व की सबसे ऊंची सुरंग होगी।

कारगिल–2

देश सहित प्रदेश में भी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य स्तरीय समारोह आज शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य व सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल शामिल होंगे। इस बीच कल शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान द्वारा रिज मैदान शिमला में कारगिल विजय दिवस रजत जंयती महोत्सव मनाया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में ऑपरेशन विजय में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को याद किया गया और आम लोगों के लिए सेना की वीरता व शौर्य को प्रदर्शित करती प्रदर्शनी लगाई गई। इसका उदेश्य युवा पीढ़ी को कारगिल विजय के महत्व से अवगत करवाना और भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी भरी कार्रवाइयों को याद करना है। इसके अलावा यहां युवाओं को सेना में शामिल होने के लिए मार्गदर्शन शिविर भी लगाया गया।

डॉक्टर सिकंदर कुमार

केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में उड़ान योजना के तहत हवाई अड्डों व हेलीपोर्ट के उन्नयन व विकास के लिए बीते दो सालों में 213 करोड़ 52 लाख रूपये आवंटित किए हैं। इस राशि में से अब तक 160 करोड़ 48 लाख रूपये खर्च हुए हैं। केंद्रीय नागरिक उड्यन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

मुरलीधर मोहोल ने बताया कि उड़ान योजना के तहत राज्य में अब तक दो हवाई अड्डों व दो हेलीपोर्ट का प्रचालन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हेलीकाप्टर मार्गों के लिए लांच की गई उड़ान 5 दशमलव एक योजना के तहत चंबा, पालमपुर, रक्कड़ और रिकांगपिओं में चार नए हेलीपोर्ट चिन्हित किए गए हैं। सिकंदर कुमार के एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय नागरिक उड्यन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू ने बताया कि उड़ान योजना के तहत शिमला से दिल्ली और अमृतसर के लिए हवाई सेवा संचालित की जा रही है और इन शहरों के लिए एलाइंस एयर सेवाएं दे रहा है।

बैठक

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने एम्बुलेंस सेवाएं प्रदान कर रही कंपनी को 10 वर्ष से अधिक पुरानी और साढ़े तीन लाख किलोमीटर से अधिक चल चुकी एम्बुलेंसों को शीघ्र बदलने के निर्देश दिए हैं। शिमला में कल 108 एम्बुलेंस सेवा की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए धनीराम शांडिल ने कहा कि पुराने एंबुलेंस वाहनों के स्थान पर नई एम्बुलेंस खरीदकर लोगों को निर्बाध सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि 108 एम्बुलेंस के लिए लोगों द्वारा की गई कॉल पर त्वरित कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि इन सेवाओं का लाभ प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों सहित सभी लोगों को मिले।

मशाल जुलूस

कारगिल दिवस के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा बीते कल नाहन व शिमला में मशाल जुलूस का आयोजन किया गया। नाहन में आयोजित मशाल जुलूस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने शिरकत की। बिंदल ने नाहन स्थित शहीदी स्मारक पर जाकर बलिदानी सैनिकों को याद किया और कहा कि हिमाचल के वीर सपूतों की कहानियां युवाओं के लिए प्रेरणा दायक है। राजीव बिंदल ने कैप्टन विक्रम बतरा को नमन करते हुए कहा कि वर्ष 1996 में वे सेना में भर्ती हुए थे। अदम्य साहस का परिचय देते हुए विक्रम बत्रा और उनके साथियों ने कारगिल में प्वॉइंट 5140 की चोटी को कब्जे में किया था।

सुर्खियां समाचार पत्रों से........

आज सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश मंत्रिमंडल के फैसलों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–शिक्षकों के तबादले सत्र के अंत में ही, पांच बच्चों वाले 460 स्कूल होंगे मर्ज। पंजाब केसरी के शब्द हैं– शैक्षणिक सत्र के अंत में होंगे शिक्षकों के तबादले, 99 स्कूल बंद व 460 होंगे मर्ज। हिमाचल दस्तक का शीर्षक है–करूणामूलक नौकरियों के लिए सब कमेटी का गठन। आपका फैसला का कहना है– मुख्याध्यापक और प्रधानाचार्य भी बच्चों को पढ़ाएंगे। दैनिक सवेरा टाइम्स के मुताबिक–हिमाचल विधानसभा का मानसून सत्र 27 अगस्त से।

भानुपल्ली–बिलासपुर रेललाइन में हिस्सेदारी नहीं देगा हिमाचल शीर्षक से दैनिक जागरण ने लिखा है–रेललाइन में राज्य का 1 हजार 1 सौ 32 करोड़ रूपये का हिस्सा चुकाने में असमर्थता जताई।

पटवारी–कानूनगो के आंदोलन पर दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–एक्शन में सरकार, काम ठप करने वाले पटवारी–कानूनगो डाइज नॉन श्रेणी में। वहीं हिमाचल दस्तक लिखता है–दो दिन में काम पर नहीं लौटे, तो सस्पेंड होंगे।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है–केंद्र द्वारा 2 हजार 6 सौ 98 करोड़ रूपये से हिमाचल में रेलवे परियोजनाओं का विस्तार।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–सोलंग वैली में बादल फटा, पलचान में भारी तबाही, चार घर क्षतिग्रस्त। आपका फैसला के मुताबिक–हिमाचल के कई भागों में एक सप्ताह तक भारी बारिश का यलो अलर्ट।